भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 115
(24 नवंबर, 2014 को उत्तर दिए जाने के लिए)

## ग्रामीण लोगों के कल्याण से संबंधित योजनाएं

115. श्री राम कुमार कश्यपः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा ग्रामीण लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उनके आर्थिक कल्याण के लिए तैयार किए गए कार्यक्रमों/नीतियों का ब्यौरा क्या हैं;

(ख) ग्रामीण लोगों के बीच गरीबी और बेरोजगारी को कम करने, स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति में सुधार लाने और भोजन, आवास और कपड़ा जैसी बुनियादी जरुरतों को पूरा करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) ग्रामीण लोगों के बीच सरकारी कार्यक्रमों/नीतियों का प्रचार-प्रसार करने के लिए की गई कार्रवाईयों का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री बीरेन्द्र सिंह)

(क) और (ख) : ग्रामीण विकास मंत्रालय राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के माध्यम से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र आयोजना प्रक्रिया के रूप में अन्य के साथ-साथ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), इंदिरा आवास योजना (आईएवाई), समेकित वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम (आईडब्ल्यूएमपी) और राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (एनआरएलएमपी) को क्रियान्वित कर रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य रोजगार सृजन, ग्रामीण अवसंरचना विकास और अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन गुणवत्ता को समग्र रूप से बेहतर बनाना है।

(ग) : मंत्रालय में आईईसी कार्यकलापों की आयोजना और निष्पादन के लिए अलग से सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) प्रभाग है। इसकी महत्ता को स्वीकारते हुए मंत्रालय ने संप्रेषण के सर्वाधिक उपलब्ध माध्यमों के जरिए सूचना का प्रचार-प्रसार करने के लिए अपने आईईसी कार्यकलापों को लगातार सुदृढ़ किया है। इसके अलावा ग्रामीण आवास, मनरेगा और एनआरएलएम के अंतर्गत आईईसी कार्यकलापों के लिए अलग से निधियां निर्धारित की गई हैं जिन्हें एक साथ एकत्र किया जाता है और मंत्रालय के सभी कार्यक्रमों के संबंध में व्यापक रूप से आईईसी कार्यकलाप पूरा करने के लिए इनका उपयोग किया जाता है।

*****